इन्वेस्ट यूपी द्वारा बेंगलुरु में आयोजित 'एआई इनएब्लिंग इन्वेस्ट यूपी' कार्यशाला को श्री नंदन नीलेकणी ने संबोधित किया

- *उत्तर प्रदेश को डिजिटल निवेश गंतव्य बनाने की दिशा में एआई की भूमिका पर नंदन नीलेकणी ने साझा किए विचार*

बेंगलुरु/लखनऊ, 22 अगस्त 2025: उत्तर प्रदेश की निवेश प्रोत्साहन एजेंसी **इन्वेस्ट यूपी** ने बेंगलुरु में **एकस्टेप फाउंडेशन** के सहयोग से " **एआई-सक्षम इन्वेस्ट यूपी** " विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग कर निवेशकों की सुविधा और संवाद प्रणाली को अत्यधिक प्रभावी बनाना है, जिससे उत्तर प्रदेश को एक डिजिटल रूप से सशक्त निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित किया जा सके।

इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण इन्फोसिस के सह-संस्थापक और नॉन-एग्जीक्यूटिव चेयरमैन **श्री नंदन नीलेकणी** का प्रेरक संबोधन रहा। उन्होंने "एआई: ट्रेंड्स, अवसर, चुनौतियाँ और नए क्षितिज" विषय पर अपने विचार साझा करते हुए बताया कि एआई किस प्रकार नवाचार को गति दे सकता है, उद्योगों को नया स्वरूप दे सकता है और भारत की विकास यात्रा को और भी तेज़ कर सकता है।

कार्यशाला में इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) **श्री विजय किरण आनंद** और अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी **श्री शशांक चौधरी** सहित इन्वेस्ट यूपी टीम ने हिस्सा लिया। चर्चा के मुख्य बिंदु एआई-आधारित मार्केट इंटेलिजेंस का उपयोग करके क्षेत्र-वार विश्लेषण और दीर्घकालिक पूर्वानुमान तैयार करना, असंरचित सार्वजनिक डेटा को संरचित रूप में बदलकर निर्णय लेने की प्रक्रिया को आसान बनाना और इन्वेस्ट यूपी के सभी प्लेटफॉर्म्स पर कन्वर्सेशनल बॉट्स को स्थापित (इन्स्टाल) करना।

निवेशकों की यात्रा को अधिक सुगम बनाने के लिए सेल्फ-सर्विस टूल्स, सब्सिडी ट्रैकिंग और व्यक्तिगत परामर्श जैसी नई पहलें भी सुझाई गईं। एआई का उपयोग निवेशकों तक बेहतर पहुँच बनाने, परामर्श सेवाएँ उपलब्ध कराने, मानवरहित हस्तेक्षेप से प्रक्रियाओं को और अधिक सरल बनाने और संभावित अड़चनों की पहचान करने में भी महत्वपूर्ण होगा।

इस अवसर पर श्री विजय किरण आनंद ने कहा, "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तेज़ निर्णय-निर्माण, अधिक पारदर्शिता और उत्तर प्रदेश में कारोबार करने की सुगमता को मजबूत बनाने में निर्णायक भूमिका निभाएगा।"

यह कार्यशाला एआई को सभी निवेशक संपर्क बिंदुओं पर एकीकृत करने की रणनीतिक रूपरेखा के साथ संपन्न हुई, जो माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के विजन को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। श्री नंदन नीलेकणी एकस्टेप फाउंडेशन के सह-संस्थापक एवं अध्यक्ष भी हैं, जो प्रौद्योगिकी के माध्यम से बच्चों में साक्षरता और गणना क्षमता में सुधार लाने के लिए काम करता है।